# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 11 मार्च, 2016/21 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 13

----

**पंजीकृत स्पोर्टस क्लब**

1219 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिमला शहर में कितने स्पोर्टस क्लब पंजीकृत हैं तथा कितने पंजीकृत न होने पर भी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ चला रहे हैं;

(ख) कितने ऐसे क्लब हैं जिनके अपने भवन हैं तथा कितने सरकारी या गैर- सरकारी भवनों में चल रहे हैं; पंजीकृत क्लबों की सूची पंजीकरण की प्रति सहित सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार गैर पंजीकृत क्लबों के विरूद्ध क्या कार्रवाई कर रही है?

----

**पर्यटन नीति**

1220 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार ने पर्यटन नीति 2016 तैयार कर दी है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## बाइपास का निर्माण

1221 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार नगर पंचायत बंजार में बाइपास का निर्माण करने जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस दिशा में क्या-क्या कदम उठाये हैं; ब्यौरा दें?

----

## विस्थापितों को रोजगार

1222 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा जिला कुल्लू में निजी क्षेत्र में निर्माणाधीन एलांयन दुहांगन, मलाणा-I, मलाणा-II जल विद्युत परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन (MOU) हस्ताक्षरित किये हैं; यदि हां, तो प्रतिलिपि सभा पटल पर रखें;

(ख) इस समझौता ज्ञापन (MOU) में परियोजना प्रभावितों व विस्थापितों को रोजगार देने हेतु क्या नीति है व उस नीति के अधीन कितने लोगों को रोजगार दिया गया; ब्यौरा लोगों के नाम, पते व कर्मचारियों की संख्या सहित दें; और

(ग)समझौता ज्ञापन (MOU) हस्ताक्षरित होने के उपरान्त क्या इसमें बदलाव किया गया; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

1223 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार को विभिन्न सड़कों पर बनाए गए पैरापिट के सब-स्टैंडर्ड होने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ख) यदि हां, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## सामुदायिक भवन

1224 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू शहर में होटल सरवरी के निकट पर्यटन निगम ने एक कम्युनिटी हॉल का निर्माण किया है ;

(ख) यदि हां, तो इससे निगम को प्रति वर्ष कितनी आय होती है; ब्यौरा दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि इस स्थान को समतल और पक्का करने का आग्रह किया गया था; यदि हां, तो निगम द्वारा क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## निर्णयों में परिवर्तन

1225 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 26.08.2014 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शिमला में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड चरण-II एवं III के प्रभावितों, जन प्रतिनिधियों और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन सीमित के प्रमुख अधिकारियों के मध्य बैठक हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो इस बैठक में विस्थापितों और प्रभावितों के सम्बन्ध में क्या-क्या महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये; ब्यौरा दें;

(ग) यह भी सत्य है कि दिनांक 27.06.2015 को पुनः हुई बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों में परिवर्तन किया गया; और

(घ) यदि हां, तो निर्णय की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## गैस एजैंसी

1226 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चैल चौक में गैस एजैंसी स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो यह कब तक स्थापित कर दी जाएगी ?

----

## बैकलॉग

1227 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष 31 दिसम्बर, 2015 तक SC, ST बेरोजगार प्रशिक्षित T.G.T. (Arts), T.G.T.(Medical),T.G.T.(Non-Medical) के बैक लॉग के कितने पदों को भरा गया तथा कितने पद रिक्त हैं; विवरण दें?

----

## बस सेवा

1228 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन (JNNURM) की कितनी नई बसें लगाई गई हैं; विवरण दें; और

(ख) मंडी से गोहर तक हिमाचल पथ परिवहन निगम की कितनी बसें चलती हैं; पूर्ण विवरण दें ?

(ग) सरकार द्वारा कुल्लू से धंग्यारा तथा सुन्दरनगर से धर्मद्वारा बस सेवा को नियमित रुप से चलाने के लिए क्या-क्या पग उठाए गए ; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

1229 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं; और

(ख)यदि हां, तो चौपाल, संराहा विजट मंदिर, शिर्गुल मंदिर चूड़धार, मुनालक (काकरा धार) टोपला, कुपवी दावन(वनाह), चादवा मोलौज देइया, कनंध, काला वाग, शिमला इत्यादि को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गये हैं; ब्यौरा दें?

----

## खेल मैदान

1230 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक पाठशालाओं के खेल मैदानों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा पाठशालाओं के नाम सहित दें; और

(ख) इन पाठशालाओं में कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है और कितनी शेष है; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## धनराशि का आबंटन

1231 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मनरेगा हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई तथा कितनी शेष है;

(ख) शेष राशि का आबंटन कब तक कर दिया जाएगा; और

(ग) किस-किस पंचायत को राशि आबंटित की गई; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 24 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**